Title: Regarding Expansion of Train-services of Train no. 19715/19716 Jaipur-Gamotinagar Express and introduction of new special Mela train to facilitate Pilgrims.

मुकेश राजपूत (फर्रूखाबाद): सभापति महोदय, मैं आपके माध्यम से देश के माननीय रेल मंत्री जी से निवेदन करता हूं कि ट्रेन संख्या 19715/19716 जयपुर-गोमतीनगर एक्सप्रेस ट्रेन का विस्तार सीकर तथा झुंझनू रेलवे स्टेशन तक करने की कृपा करें । इस ट्रेन के माध्यम से फर्रुखाबाद लोक सभा सहित कम से कम 6 और लोक सभा के लोग यात्रा करते हैं । यहां से लोग श्री खाटू श्याम एवं रानी सती मंदिर के दर्शन के लिए जाते हैं, जिन्हें जयपुर उतरना पड़ता है और जयपुर से श्री खाटू श्याम व रानी सती मंदिर जाने के लिए वे विभिन्न साधनों से जाते हैं, जिससे काफी समय लगता है और यात्रियों को काफी कठिनाई का सामना करना पड़ता है । यह ट्रेन जयपुर में लगभग 14 घंटे खड़ी रहती है ।

अत: मैं आपके माध्यम से पुन: रेल मंत्री जी से आग्रह करता हूं कि क्षेत्र की जनता की मांग के आधार पर लोगों की यात्रा को सुविधाजनक बनाया जाए । अत: ट्रेन संख्या 19715/19716 जयपुर-गोमतीनगर एक्सप्रेस ट्रेन को सीकर तथा झुंझनू स्टेशन तक बढ़ा दिया जाए ।

<u>**17.19 hrs**</u> (Shri Kodikunnil Suresh *in the Chair*)

सभापति महोदय, इसी के साथ-साथ मेरी एक और मांग यह है कि खाटूश्याम मेला देखने और उनके दर्शन करने के लिए हमारे यहां से काफी संख्या में लोग फागुन महीने में यात्रा करते हैं । अत: मेरा आपके माध्यम से निवेदन है कि एक स्पेशल मेला ट्रेन चला दी जाए, जो कानपुर से होते हुए कानपुर देहात, कन्नौज, फरुखाबाद, कासगंज और मथुरा होते हुए झुंझनू या खाटूश्याम तक जाए । इससे हमारे यहां के तीर्थ-यात्रियों को सुविधा हो सकेगी । आपका बहुत-बहुत धन्यवाद ।

माननीय सभापति : डॉ. संजीव कुमार शिंगरी ? उपस्थित नहीं ।

Now, I call upon the hon. Members to speak for a maximum time of one minute.

? (व्यवधान)